6. निम्नलिखित में किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिये : (9×2=18)

(क) प्रेमचंदयुगीन उपन्यास

(ख) धर्मवीर भारतीय का योगदान

(ग) कर्मभूमि उपन्यास के आधार पर सुखदा का चरित्र-चित्रण

(घ) चित्रा-मुद्गल



[This question paper contains 4 printed pages.]

**Your Roll No..............**

**Sr. No. of Question Paper : 6130** **J**

Unique Paper Code : 2052102403

Name of the Paper : हिंदी उपन्यास

Name of the Course : **B.A. (Hons.) Hindi / (DSC)**

Semester : IV

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 90

**छात्रों के लिए निर्देश**

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।

2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. हिन्दी उपन्यास के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए इसकी विकास यात्रा पर प्रकाश डालिये। (15)

**अथवा**

हिंदी उपन्यास की प्रमुख प्रवृत्तियों का विश्लेषण कीजिये।

2. श्री निवास दास अथवा प्रेमचंद का साहित्यिक योगदान लिखिये। (15)

3. 'कर्मभूमि' उपन्यास की तात्विक समीक्षा कीजिये। (15)

**अथवा**

"कर्मभूमि उपन्यास स्वतंत्रता आंदोलन का दस्तावेज है", इस कथन के आलोक में वर्णित समस्याओं पर प्रकाश डालिये।

4. 'रागदरबारी' उपन्यास में चित्रित सामाजिक यथार्थ को स्पष्ट कीजिये। (15)

**अथवा**

'रागदरबारी' उपन्यास के शीर्षक की प्रतीकात्मकता स्पष्ट करते हुए वैद्य जी के चरित्र पर प्रकाश डालिये।

5. निम्नलिखित में किन्हीं **एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिये : (12)

(क) इस इलाके के ज़मींदार एक महन्तजी थे। कारकून और मुख्तार उन्हीं के चेले-चापड़ थे। इसलिए लगान बराबर वसूल होता जाता था। ठाकुरद्वारे में कोई-न-कोई उत्सव होता ही रहता था। कभी ठाकुरजी का जन्म है, कभी ब्याह है, कभी यज्ञोपवीत है, कभी झूला है, कभी जल-विहार है। असामियों को इन अवसरों पर बेगार देनी पड़ती थी; भेंट - न्योछावर पूजा-चढ़ावा आदि नामों



से दस्तूरी चुकानी पड़ती थी; लेकिन धर्म के मुआमले में कौन मुँह खोलता? धर्म-संकट सबसे बड़ा संकट है। फिर इलाके के काश्तकार सभी नीच जातियों के लोग थे। गाँव पीछे दो-चार घर ब्राह्मण-क्षत्रियों के थे भी, तो उनकी सहानुभूति असामियों की ओर न होकर महन्तजी की ओर थी। किसी-न-किसी रूप में वे सभी महन्तजी के सेवक थे। असामियों को उन्हें प्रसन्न रखना पड़ता था। बेचारे एक तो गरीब, ऋण के बोझ से दबे हुए, दूसरे मूर्ख, न क़ायदा जानें न क़ानून; महन्तजी जितना चाहें इजाफ़ा करें, जब चाहें बेदखल करें, किसी में बोलने का साहस न था।

**अथवा**

(ख) शहर के एक कोने में ऊँची चहारदीवारी से घिरा हुआ एक लम्बा-चौड़ा बँगला था, जिसकी बनावट से ही लगता था कि वह किसी ताल्लुकेदार को किराये पर रहने के लिए उठा दिया था।

बँगले के एक कोनेवाले कमरे में जिला विद्यालय-निरीक्षक का दफ्तर था, उसे छोड़कर बाकी बँगले में उनका निवास स्थान था। उनके रहने के पूरे हिस्से का किराया सरकार-उसे दफ्तर समझकर देती थी। दफ्तर का पूरा किराया जिला विद्यालय निरीक्षक अपने मकान के नाम पर देते थे। इस तरह के मैत्रीपूर्ण समझौते को अंग्रेजी में 'ऑफिस-कम-रेजीडेन्स' कहा जाता है। हिन्दी में उसे 'ऑफिस-कम-रेजीडेन्स ज्यादा' कहते हैं।